अनुक्रमांक

नाम | मुद्रित पृष्ठों की संख्या :4

**130** | **323(IU)**

## 2025

# नागरिक शास्त्र

समय : तीन घण्टे 15 मिनट | पूर्णांक : 100

निर्देश :

(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) प्रश्न संख्या 1 से 10 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।

(iv) प्रश्न संख्या 11 से 20 तक अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 10 शब्दों (एक वाक्य) में देना है।

(v) प्रश्न संख्या 21 से 26 तक लघु-उत्तरीय - I प्रश्न हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 50 शब्दों में देना है।

(vi) प्रश्न संख्या 27 से 30 तक लघु-उत्तरीय II प्रश्न हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 100 से 125 शब्दों में देना है।

(vii) प्रश्न संख्या 31 और 32 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 250 शब्दों में देना है।

(viii) सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।

**(बहुविकल्पीय प्रश्न)**

नोट: निम्नलिखित दस प्रश्नों में प्रत्येक के चार विकल्प दिए गए हैं। इनमें से सही विकल्प चुनकर उसे अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

1. 1917 की रूसी क्रान्ति किसके नेतृत्व में हुई? 1

   अ) व्लादिमीर लेनिन    ब) निकिता खुश्चेव

   स) लिओनिड ब्रेझनेव    द) मिखाइल गोर्बाचेव

2. भारत ने किस वर्ष से एक्ट ईस्ट नीति अपनाई? 1

   अ) 1992    ब) 1995    स) 2014    द) 2009

3. भारत ने किस देश के साथ सिन्धु नदी जल समझौते परी 960 में हस्ताक्षर किए? 1

   अ) भूटान    ब) नेपाल    स) पाकिस्तान    द) अफगानिस्तान

4. संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रथम महासचिव कौन थे? 1

   अ) ट्राइग्व ली    ब) यू थांट    स) कोफी अन्नान    द) बान की मून

modelpaper.info

5. निम्नलिखित में से किस देश के पास परमाणु हथियार रही है? 1

अ) भारत ब) पाकिस्तान स) चीन द) श्रीलंका

6. भारत का वह प्रथम कौन सा भाग है जहाँ जून 1948 में सार्वभौम वयस्क मताधिकार के सिद्धान्त के आधार पर दुराव हुए? 1

अ) असम ब) मणिपुर स) सिक्रिम द) पंजाब

7. किस राजनीतिक दल ने भारत और पाकिस्तान को एक करके 'अखण्ड भारत' बनाने की बात कही?? 1

अ) सोशलिस्ट पार्टी ब) भारतीय जनसंघ

स) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द) इनमें से कोई नहीं

8. आत्म सम्मान आन्दोलन' के जनक कौन थे? 1

अ) ई०वी० रामास्वामी नायकर ब) जगजीवन राम

स) के० कामराज द) कर्पूरी ठाकुर

9. किसने हिन्दुत्व को भारतीय राष्ट्रीयता के आधार के रूप में लोकप्रिय किया था? 1

अ) श्यामा प्रसाद मुखर्जी ब) वी० डी० सावरकर

स) दीन दयाल उपाध्याय द) इनमें से सभी

10. किस राज्य को भारत के उत्तर-पूर्व क्षेत्र के सात राज्यों (सात बहनों) का भाई कहा जाता है.? 1

अ) सिक्किम ब) पश्चिम बंगाल स) असम द) मणिपुर

**(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)**

11. दक्षिण एशिया के दो सबसे छोटे देशों के नाम लिखें। 1+1
12. आसियान शैली' से आप क्या समझते हैं? 1+1
13. विश्व बैंक के किन्हीं दो महत्वपूर्ण कार्यों का उल्लेख कीजिए। 2
14. भारत में 'मूलवासी' के लिए किस शब्द का प्रयोग किया जाता है? इनकी जनसंख्या कुल जनसंख्या का कितना प्रतिशत है ? 1+1
15. वैश्वीकरण के किन्हीं दो सांस्कृतिक प्रभावों का उल्लेख कीजिए। 1+1
16. 'इंस्ट्रूमेंट ऑफ एक्सेशन' से क्या तात्पर्य है? 2
17. वामपंथ और दक्षिणपंथ से आप क्या समझते हैं? 1+1
18. लाल बहादुर शास्त्री जी का निधन कब और कहाँ हुआ? 1+1
19. गैर-कांग्रेसवाद से आप क्या समझते हैं? 2
20. आनन्दपुर साहिब प्रस्ताव की किन्हीं दो. प्रमुख मामों का माँमों का उल्लेख कीजिए। 1+1

modelpaper.info

**(लघु उत्तरीय प्रश्न- 1)**

21. आसियान समुदाय के मुख्य स्तम्भों एवं उनके उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए। 5

22. 'शक्ति-संतुलन' पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। 5

23. वैश्विक राजनीति में पर्यावरण की चिन्ता के प्रमुख मुद्दे क्या हैं 5

24. कांग्रेस के सामाजिक और विचारधारात्मक गठबन्धन के रूप को स्पष्ट कीजिए। 5

25. नियोजन से आप क्या समझते हैं? प्रथम पंचवर्षीय योजना के उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए। 2+3

26. भारतीय राजनीति में कड़े मुकाबले और बहुत से संघों के बावजूद अधिकतर राजनीतिक दलों के बीच उभरत सहमति से संबंधित प्रमुख बातों को स्पष्ट कीजिए। 5

**(लघु उत्तरीय प्रश्न - II)**

27. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता के दावे के पक्ष में अपने तर्क दीजिए। 6

28. वैश्वीकरण क्या है? इसके आर्थिक प्रभावों की विवेचना कीजिए। 2+4

29. "हर क्षेत्रीय आन्दोलन अलगाववादी माँग की तरफ अग्रसर नहीं होता।" उदाहरण देकर इस तथ्य की विवेचना कीजिए। 6

30. 1975 में घोषित आपातकाल से भारतीय लोकतंत्र की कौन सी ताकत और कमजोरियाँ उजागर हुई? 6

**(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)**

31. मिखाइल गोर्बाचेव कौन थे? सोवियत संघ के विघटस के लिए वे कहाँ तक उत्तरदायी थे? 2+6

32. शॉक थेरेपी' से आप क्या समझते हैं? इसके परिणाम् त्का उल्लेख कीजिए। 4+4

अथवा

'मण्डल आयोग' पर एक संक्षिप्त निबन्ध लिखिए। 8

modelpaper.info